## सार-समाचार

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** गांव भुकरावली में 4 मार्च को झगड़े में घायल हुए युवक रामवीर जाटव की शुक्रवार को सुबह जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। युवक की मृत्यु से आक्रोशित जाटव समाज के लोगों ने शुक्रवार को कस्बा सूरौठ में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जिसमें जिले भर से जाटव समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जाटव समाज के लोगों ने बैठक में पहुंचे हिंडौन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह एवं डीएसपी मुनेश मीणा को आरोपियों की गिरफ्तारी करने सहित 12 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा। एसपी के नाम दिए गए ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि 24 घंटे में मांगे नहीं मानी गई तो जाटव समाज की ओर से आंदोलन शुरू किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने जाटव समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही मामले की निष्पक्ष जांच कर उनकी मांगे पूरी की जाएगी। युवक रामवीर जाटव की अस्पताल मे मत्यु होने की सूचना मिलने पर जाटव समाज के लोग सूरौठ कस्बे में जटवाड़ा रोड स्थित शिव मंदिर के पास एकत्रित हुए तथा हत्या का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। बैठक में जाटव समाज के हिंडौन तहसील अध्यक्ष बबलू चौरसिया, टोडाभीम तहसील अध्यक्ष घनश्याम जाटव, श्री महावीर जी तहसील अध्यक्ष धर्म सिंह जाटव सहित करौली जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जाटव समाज के काफी लोग मौजूद रहे। सूचना मिलने पर हिंडौन एएसपी एवं डीएसपी बैठक में पहुंचे तथा जाटव समाज के लोगों से वार्ता की। जाटव समाज के लोगों ने एएसपी को सौंपे ज्ञापन में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने, पीड़ित परिवार की आत्म सुरक्षा हेतु लाइसेंसी हथियार उपलब्ध करवाने, पीड़ितों की भूमि से अतिक्रमण हटवाने, पीड़ित परिवार को नौकरी देने एवं 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने सहित 12 मांगों का उल्लेख किया गया।

### बच्चों को मिला पूरक पोषाहार

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) के सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत शुक्रवार को गंगापुर सिटी ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को पूरक पोषाहार दिया गया और उनके स्वास्थ्य व पोषण पर जानकारी प्रदान की गई। यह अभियान 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक चलेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और विकास से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हो रहे हैं। शुक्रवार को आशान्वित ब्लॉक गंगापुर सिटी में विभाग के सात संकेतांकों में से मापन दक्षता (मेजरमेंट एफिशिएंसी) से जुड़े तीन प्रमुख संकेतांकों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया गया। बाल विकास परियोजना गंगापुर सिटी के अंतर्गत संचालित सभी 250 आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पौष्टिक पूरक आहार वितरित किया गया। साथ ही, अभिभावकों और माताओं को बच्चों के संतुलित आहार, कुपोषण से बचाव, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के शारीरिक विकास, वजन और पोषण की स्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभार्थियों को जागरूक किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सम्पूर्णता अभियान 2.0 का मुख्य उद्देश्य बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े संकेतांकों में सुधार लाना है। इसका लक्ष्य कुपोषण की रोकथाम, बच्चों के समुचित विकास और परिवारों को पोषण संबंधी जागरूकता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला पर्यवेक्षक तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत समस्त मानदेय कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।

### होली मिलन समारोह आयोजित

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। विप्र फाउंडेशन गंगापुर सिटी के तत्वावधान में 1 मार्च 2026 को ब्राह्मण समाज का भव्य होली मिलन समारोह विजय पैलेस, गंगापुर सिटी में उत्साह, उमंग और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के सैकड़ों परिवारों ने भाग लेकर आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया। समारोह के दौरान प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए पारंपरिक फाग गीतों ने वातावरण को पूरी तरह होलीमय बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को पुष्पों से होली खेलकर शुभकामनाएँ दीं और हर्षोल्लास के साथ इस पावन पर्व का आनंद लिया। इस अवसर पर अतिथियों एवं समाजजनों का स्वागत सुगंधित ठंडाई और स्वादिष्ट व्यंजनों से किया गया, जिससे पूरा वातावरण रंग, रस और आनंद से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय उपस्थिति रही।

### बटालियन क्लर्क को मारी टक्कर, मौत

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर में 3 राज बटालियन में तैनात 34 साल के क्लर्क नरेंद्र सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। गुरुवार शाम करीब 7 बजे चिकसाना थाना इलाके में बहनेरा पेट्रोल पंप के पास ड्यूटी से घर लौटते समय उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने उन्हें आरबीएम हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और रिपोर्ट आने के बाद हादसे के कारणों की स्थिति साफ होगी। मृतक के चाचा बृजेन्द्र सिंह निवासी रसूलपुर थाना फतेहपुर सीकरी जिला आगरा ने बताया कि नरेंद्र सिंह भरतपुर की 3 राज बटालियन में क्लर्क के पद पर तैनात थे। वह रोजाना बाइक से ड्यूटी पर आते-जाते थे। गुरुवार शाम ड्यूटी खत्म कर घर लौटते समय चिकसाना थाना इलाके में बहनेरा पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

# गंदा पानी सड़कों पर बह रहा, राहगीर व आमजन परेशान


गंगापुर सिटी में विधायक निवास के बाहर भरा गंदा पानी।

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। शहर के व्यस्त देवी स्टोर चौराहे पर विधायक रामकेश मीणा के निवास के सामने नाले की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। नाला कीचड़ और कचरे से भर जाने के कारण ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे राहगीरों, व्यापारियों और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह आर्य समाज मंदिर रोड पर भी नालियों का पानी आम रास्ते पर बह रहा है। शहर के मुख्य बाजारों में क्रॉस नालियां अवरुद्ध होने से गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिसके परिणामस्वरूप पानी सड़कों पर फैल रहा है।

इस अवसर पर समाजसेवी और व्यापारी नेता वेदप्रकाश मंगल ने बताया कि इस समस्या को लेकर नगर परिषद प्रशासन का ध्यान कई बार आकर्षित कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वर्तमान में शादी-विवाह का सीजन और रमजान का महीना चल रहा है, जिससे बाजारों में ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ रहती है। ऐसे में सड़कों पर बहते गंदे पानी से व्यापारियों, ग्राहकों और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगल ने यह भी बताया कि शहर के अधिकांश बड़े नाले और नालियां कीचड़ व कचरे से भरी हुई हैं। फव्वारा चौक से तहसील तक, प्राइवेट बस स्टैंड से फव्वारा चौक और नया बाजार क्षेत्र में क्रॉस नाले अवरुद्ध हैं, जिससे गंदे पानी की निकासी बाधित हो रही है।

उन्होंने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि शहर के बड़े नालों और नालियों की जल्द से जल्द सफाई कराई जाए। इससे गंदे पानी की निकासी सुचारु हो सकेगी और बाजारों में आने वाले व्यापारियों, ग्राहकों व राहगीरों को राहत मिल सकेगी।

# नवोदय स्कूल के छात्रों ने किया गडमोरा का भ्रमण


गड़मोरा दुर्ग का भ्रमण करते छात्र।

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय स्कूल, जाट बड़ौदा के विद्यार्थियों ने शिक्षा विभाग की श्बैगलेस डे पहल के तहत करौली जिले के ऐतिहासिक स्थल गडमोरा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय इतिहास, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक विरासत से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने गडमोरा के प्राचीन किलों और मंदिरों का अवलोकन किया।

शिक्षकों ने उन्हें बताया कि गडमोरा राजा मोरध्वज की नगरी के रूप में प्रसिद्ध रहा है और यहां की वास्तुकला मध्यकालीन राजस्थान की समृद्ध परंपरा को दर्शाती है। छात्रों ने पुरानी हवेलियों और प्राचीरों पर की गई बारीक नक्काशी को देखा और उनके ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। अरावली की पहाड़ियों के बीच स्थित इस ऐतिहासिक स्थल के भौगोलिक महत्व से भी उन्हें अवगत कराया गया। इस दौरान ऐतिहासिक घटनाओं और उनके वर्तमान महत्व पर विद्यार्थियों के बीच संक्षिप्त परिचर्चा भी आयोजित की गई। संरक्षक शिक्षक विवेक कुमार यादव ने बताया कि किताबों में पढ़ी गई बातों को प्रत्यक्ष रूप से देखने से वह अनुभव लंबे समय तक यादगार बन जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति और विरासत के प्रति जिज्ञासा और गर्व की भावना विकसित होती है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारियों के नोट्स भी तैयार किए। स्कूल प्रशासन के अनुसार इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

## शव मिलने से फैली सनसनी

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। फिरासपुर के जंगल में शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान फिरासपुर निवासी 45 वर्षीय राम खिलाड़ी रैगर पुत्र रघुनाथ रैगर के रूप में हुई है, जो पिछले तीन दिनों से घर से लापता था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह फिरासपुर के जंगल में खेतों पर काम कर रही एक महिला ने झाड़ियों के पास एक शव देखा। महिला ने तुरंत आसपास के ग्रामीणों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। शव से तेज बदबू आ रही थी, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि मौत एक-दो दिन पहले हुई होगी। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस के एएसआई मदन सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और शव को गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इसके बाद शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचित किया गया

## कार्यभार संभाला

**भरतपुर**, (निसं)। स्टेशन प्रबंधक के पद से दुलीचंद मीणा के सेवानिवृत्त हो जाने पर ओपी मीणा ने कार्य भार ठाहण कर लिया है। इस अवसर पर भरतपुर जंक्शन पर आयोजित एक सादा समारोह में एसएस ओ पी मीणा का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते उनके सहयोगियों ने उन्हें साफा बांधकर फूल मालाओं से लाद दिया। इससे पहले भी ओ पी मीणा एसएस के पद पर कार्य कर चुके है। कार्यक्रम के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति के बीच ओंकार संधू, सुनील चतुर्वेदी, त्रिलोक चंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार, देवीसिंह मीना, उप स्टेशन अधीक्षक बीएस फौजदार, एसएसई रमेश मीना, स्टेशन मास्टर जय अठावाल, अमित सैनी, प्रदीप सोलंकी, उप स्टेशन अधीक्षक दलजीत नागर, भारत सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया


अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह पर भुसावर थाने में बैठक आयोजित हुई।

**भरतपुर,** (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह 2026 के तहत भुसावर थाना पर बैठक का आयोजन किया गया। जहां महिलाओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों के बारे में बताते हुए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।

थानाधिकारी रामदयाल मीणा ने बताया कि राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार उपनिदेशक महिला अधिकारिता भरतपुर के बैनर तले थाना पर अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह 26 का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सीओ वीरेंद्र शर्मा रहे। अध्यक्षता प्रशिक्षु आरपीएस भूपेंद्र सिंह ने की। बैठक में महिलाओं के अधिकारों कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की और मौके पर महिलाओं को राजकोप सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाते हुए उसके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस दौरान सीओ वीरेंद्र शर्मा ने महिलाओं को सोशल मीडिया के सदुपयोग को लेकर जागरूक किया और घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम और कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न के विरुद्ध बनाए गए कानूनों की जानकारी प्रदान की गई।

# गिरवर सिंह-विशाल सिंह हवेली का निरीक्षण किया

**करौली**, (निसं)। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज के नई दिल्ली मुख्यालय से आए कंजर्वेशन आर्किटेक्ट और संरचनात्मक इंजीनियरों की टीम ने करौली की ऐतिहासिक धरोहर गिरवर सिंह-विशाल सिंह हवेली का स्थल निरीक्षण कर इसकी स्थापत्य एवं ऐतिहासिक विशेषताओं का अध्ययन किया।

इंटैक चैप्टर करौली के कन्वीनर और राजपरिवार के वर्तमान प्रमुख कृष्ण चंद्र पाल के आठाह पर इंटैक के स्ट्रक्चरल इंजीनियर बच्चू सिंह, कंजर्वेशन आर्किटेक्ट प्रभा चौधरी तथा स्थानीय विशेषज्ञ राव शिवराज पाल सिंह के तीन सदस्यीय दल ने हिंडौन दरवाजा के पास स्थित लगभग 300 वर्ष पुरानी इस ऐतिहासिक इमारत का गहन अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने इसे वास्तुशिल्प की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और अद्वितीय संरचना बताते हुए इमारत के विभिन्न हिस्सों का सूक्ष्म अध्ययन किया।

उल्लेखनीय है कि दो शताब्दी से अधिक पहले तत्कालीन करौली नरेश द्वारा निर्मित इस विशाल हवेली में लाल पत्थर के नक्काशीदार जालीदार झरोखे, कलात्मक शिल्पकारी युक्त छतरी, जिसमें पंचमुखी महादेव की संगमरमर की प्रतिमा नादिया के साथ स्थापित है, तथा छतरी के चारों कोनों पर लाल पत्थर से निर्मित चार शेर इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं। परिसर में भैरोंजी का मंदिर और कुछ प्राचीन भग्न प्रतिमाएँ भी विद्यमान हैं। इमारत के भीतरी भाग में दीवारों पर बने कलात्मक चित्र देखरेख के अभाव में धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। विशेषज्ञ दल ने भवन की संरचनात्मक स्थिति का भी परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि भवन संरचनात्मक रूप से कमजोर नहीं है, बल्कि नियमित देखरेख और उपयोग के अभाव में इसकी वर्तमान स्थिति खराब हुई है। भवन की मजबूती, क्षितठास्त भागों के पुनरुद्धार तथा संरक्षण से संबंधित अपनी विस्तृत रिपोर्ट इंटैक दिल्ली मुख्यालय द्वारा शीघ्र ही जिला प्रशासन और राज्य सरकार को सौंपी जावेगी।

निरीक्षण के पश्चात विशेषज्ञों ने चैप्टर कन्वीनर कृष्ण चंद्र पाल, पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी तथा करौली चैप्टर के अन्य सदस्यों के साथ बैठक कर इमारत की धार्मिक, ऐतिहासिक और संरचनात्मक विशेषताओं व संभावित उपयोग पर चर्चा की। दल का मत था कि ऐतिहासिक और कलात्मक दृष्टि से समृद्ध ऐसे भवनों का संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस दौरान टीम ने गंगापुर मार्ग स्थित प्राचीन माँच की बावड़ी, हिंडौन गेट तथा शहर के परकोटे के कुछ हिस्सों का भी निरीक्षण किया और इन धरोहरों की वर्तमान दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि स्थानीय चैप्टर को जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष इन तथ्यों को रखते हुए इनके संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए सहयोग प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। चैप्टर के को-कन्वीनर राव शिवराज पाल सिंह ने विशेषज्ञों को करौली की अन्य रियासतकालीन ऐतिहासिक इमारतों की स्थिति से भी अवगत कराया।

# डीग-कुम्हेर के रामोतार ने जीती 11 हजार की प्रथम कुश्ती


खण्डीप में कुश्ती खेलते पहलवान।

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। वजीरपुर उपखंड के खंडीप गांव में गुरुवार को पारंपरिक ग्रामीण खेलों का आयोजन किया गया। इसमें ऊंट दौड़, घोड़ी दौड़, नाल उठाने की प्रतियोगिता और कुश्ती दंगल मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम सुबह से देर शाम तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष ब्रज भूषण खंडीप ने बताया कि इस आयोजन को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में काफी उत्साह था। प्रतियोगिताओं को देखने के लिए

- **खंडीप में ऊंट-घोड़ी दौड़ और कुश्ती दंगल का आयोजन**

दर्जनों गांवों से सैकड़ों ग्रामीण खंडीप पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कुश्ती दंगल में हरियाणा और पंजाब के साथ भरतपुर, बयाना, भुसावर, डीग, कुम्हेर, आगरा, मथुरा और फतेहपुर सीकरी सहित कई क्षेत्रों के पहलवानों ने हिस्सा लिया। उन्होंने अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

दंगल की प्रथम कुश्ती 11 हजार रुपए की रही, जिसे डीग-कुम्हेर के रामोतार ने जीता। दूसरी कुश्ती 5100 रुपए की थी, जिसमें सिद्धू हिंगोट विजेता रहे। वहीं, तीसरी कुश्ती 3100 रुपए की रही और इसे अजय मोहचा ने अपने नाम किया। विजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा पारंपरिक रद्दूकड़ी भी निकाली गई, जिसमें ग्रामीण महिलाओं ने लोकगीतों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजन ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर आम बस्ती खंडीप के पंच पटेलों में रामहेत सरपंच, रामहरी मीणा, रामहंस पटेल, रम्मू पटेल, अवतार मीणा, शिवसिंह सरपंच और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष ब्रज भूषण मीणा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### संप्रेषण गृह का किया औचक निरीक्षण

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** अग्रसेन कॉलेज, बरगमा रोड़ हिण्डौन सिटी में लावारिस अवस्था में नवजात बालिका मिली थी, जिसका राजकीय सामान्य चिकित्सालय, करौली में ईलाज करवाकर बालिका को राजकीय विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी, करौली में प्रवेशित कराया गया था। इसके उपरांत दिनांक 16 फरवरी 2026 को शिशु पालना गृह, करौली में दूसरी नवजात बालिका पाई गई, जिसे राजकीय विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी, करौली में प्रवेशित कराया जाकर उपचार एवं स्वास्थ्य लाभ हेतु राजकीय सामान्य चिकित्सालय, करौली में भर्ती कराया गया। बालिका को राजकीय सामान्य चिकित्सालय से डिसचार्ज किया गया एवं बालिका को चिकित्सालय से राजकीय विशेष दत्तक ठाहण एजेंसी, करौली ले जाया गया। दिनांक 05 मार्च 2026 को टोडाभीम तहसील के गांव डोरावली के एक खेत में लावारिस अवस्था में नवजात बालक मिला, जिसका राजकीय सामान्य चिकित्सालय, करौली में ईलाज चल रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करौली की सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ममता चौधरी द्वारा आमजन से यह अपील की गई है कि यदि उन्हें लावारिस नवजात बच्चा मिले तो उन्हें फेंके नहीं अपितु करौली में राजकीय सामान्य चिकित्सालय, करौली एवं राजकीय किशोर एवं संप्रेषण गृह, करौली में संचालित पालना गृह एवं हिण्डौन में जिला चिकित्सालय, हिण्डौन में संचालित पालना गृह में छोड़ जावें। जहां ऐसे नवजात बच्चों का ध्यान रखा जााता है। साथ ही सचिव द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि किसी भी अनचाहे शिशु को कचरे के ढेर में, खेतों में या जंगल में, असुरक्षित स्थानों पर नहीं फेंके बल्कि इस पालना गृह में सुरक्षित परित्याग करें। अनचाहे नवजात शिशु का सुरक्षित भविष्य बिना पहचान बताए पालने में छोड़ जाएं। परिवाद करने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जावेगी। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करौली की सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ममता चौधरी द्वारा राजकीय किशोर एवं संप्रेषण गृह, करौली का औचक निरीक्षण किया गया।

### सामूहिक सुंदरकांड का पाठ

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। 6 मार्च। गुड मॉर्निंग हैप्पीनेस ग्रुप ने सामाजिक व धार्मिक सरोकारों के तहत सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। यह कार्यक्रम वैद्य कॉलोनी स्थित केशव आदर्श विद्या मंदिर परिसर में टंकी वाले हनुमान मंदिर के पास संपन्न हुआ। ग्रुप के सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षाविद विष्णु कुमार जिंदल ने सभी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत कर की। इसके बाद उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से आध्यात्मिक शक्ति का संचार होता है और मन को आत्म संतुष्टि मिलती है, साथ ही धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। इस अवसर पर ग्रुप की ओर से सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। शिवचरणलाल अग्रवाल और हरिओम भगत का जन्मदिन मनाया गया, जबकि भगवान सहाय बजाज, गोविंद बंसल तलावड़ा और अशोक गोयल की वैवाहिक वर्षगांठ पर उन्हें सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित सदस्यों को तिलक लगाकर, माला व शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम में दामोदर लाल एडवोकेट, ओमप्रकाश गुप्ता पीएनबी, गिरीराज प्रसाद बैराड़ा, कुंजबिहारी, विनय सरल, गोपाल बैराड़ा, वेदप्रकाश व्याख्याता, सेवानिवृत्त प्राचार्य बाबूलाल, रमाकांत, गिर्राज प्रसाद, जगदीश गुप्ता, घनश्याम बरिया, महेश, सुरेश कुड़गांव, भेरूलाल बरिया, कैलाश बीएसएनएल, अनुराग, नवल बरिया, कैलाशचंद बैंक, मुकेश गोवर्धनपुरा सहित कई सदस्य मौजूद रहे। अंत में, गुड मॉर्निंग हैप्पीनेस ग्रुप के संरक्षक सुरेशचंद गुप्ता ने आयोजन में सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### आंदोलन की चेतावनी दी

**करौली,** (निसं)। राजस्थान समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ उदयसिंह डिगार प्रदेश महामंत्री हरिश्चंद्र प्रजापति प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में संगठन ने प्रदेश में महात्मा गांधी विद्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के विकल्प अनुसार प्रत्यावर्तन कर उन्हें पुनः हिंदी माध्यम विद्यालयों में पदस्थापन करने की पूरजोर मांग उठाई है। करौली जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश ओड़च जिला संरक्षक प्रहलाद जिला मंत्री मदन मोहन तिवाडी जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम शंभूसिंह राजपूत घनश्याम इमराज डैडेला ने बताया कि इस संबंध में प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा को ज्ञापन सौंप कर प्रत्यावर्तन की मांग की गई है। प्रदेश में महात्मा गांधी विद्यालयों से प्रत्यावर्तन अनुसार उन्हें तत्काल हिंदी माध्यम विद्यालयों में भेजा जाना चाहिए। इस संबंध में न्यायालय द्वारा भी याचिकाओं के संदर्भ में प्रार्थियों को हिंदी माध्यम विद्यालयों में भेजने के आदेश दिए जा चुके हैं, किंतु फिर भी संबंधित कार्मिकों को अभी तक न्याय नहीं मिला है।

### उमेश पहलवान पानीपत रहे दंगल केशरी

**करनपुर/करौली,** (निसं)। गुरुवार को नानपुर से अलग हुई नव गठित ठाामपंचायत अमरापुर में हर वर्ष की भांति ठााम पंचायत द्वारा इस वर्ष ठाामीणों के जन सहयोग से कुश्ती दंगल का आयोजन किया जिसमें सपोटरा विधायक हंसराज मीना ने आयोजन समिति को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। हरमुख मीना एवं भूरा पटेल ने बताया कि अमरपुर मे राजस्थान यूपी, हरियाणा, मध्यप्रदेश सहित आसपास के सैकड़ों पहलवानों की रैफरी भैरोलाल पहाड़िया एवं सुरेश भंडारीपुरा की देखरेख में कुश्ती हुई उन्होंने बताया कि,कुश्ती 101 रुपए से शुरू हुई आखिरी कुश्ती 21000 रुपए की हुई,स्पेशल कुश्ती डॉक्टर महेश मीना बीसीएमओ मंडरायल द्वारा 1100रुपए में कराई जिसमें यूपी के पहलवान एवं महाराजसिंह आशाकी के बीच मुकाबला हुआ,5100रुपए की दो कुश्ती,4100रुपए की छ कुश्ती,तथा 3100रुपए की आठ कुश्ती हुई,आखरी मुकाबला हरियाणा के उमेश पहलवान तथा पंजाब के चीता पहलवान के बीच हुआ,जिसमें उमेश पहलवान विजेता रहे,जिसे नकद पुरस्कार एवं माला पहनाकर स्वागत किया,दंगल में पहलवानों के रोचक दाव पेंच देखकर लोग रोमांचित हुए,दंगल में करनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनिवास मीना,सीएससी प्रभारी डॉक्टर राजवीरसिंह,देवेश कुमार एसएचओ,हेमराज पहलवान पूर्व सरपंच टोडा,सुरेश मीना सपोटरा पूर्व प्रधान ,डॉक्टर महेश मीना बीसीएमओ,श्री गणेश मीना,हरमुख मीना आदि उपस्थित रहे।


**Government of Rajasthan**
**Principal, Devnarayan Govt. Boys Residential School, Peeparra, Bayana, Bharatpur**
**email id** SantoshKPjain@gmail.com **mob. No. 8005736657**

कमांकः–देवराबाआवि / लेखा / 2025–26 / दिनांकः–

**NIT - 07/2025-26 ( NIB :-SOC2526A0421)**

**Bids for** R.O. system, deepfridge, mixergrinder, fridge, electronic belan, firefighting **are invited from interested bidders upto date 13-02-2026 Time 03:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Social Justice and Empowerment Departmental website. The approximate Value of the Procurement is Rs. 2.12 Lakh.**

**UBN No. :- SOC2526GSOB000453**

Principal
D.G.B.R.School
Peeparra, Bayana, Bharatpur



**कार्यालय नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.)**

क्रमांक:-न.प.हि./CMJAY/01 दिनांक: 20.02.2026

**सूचना**

**मुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015**

नगर परिषद हिण्डौन सिटी में करौली रोड रावण की रूण्डी पर करवाये जा रहे मुख्यमंत्री जन आवासों में **मुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015** के प्रावधान 4 ए(1) के तहत नगर परिषद हिण्डौन सिटी द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं में आवंटन पत्र के अनुसार निर्धारित समयावधि में लाभार्थी/आवंटी द्वारा तय किश्तें जमा नहीं करने पर लाभार्थियों/आवंटियों को राहत प्रदान करते हुए **दिनांक 31.03.2026 तक विलम्ब** शुल्क राशि एक मुश्त जमा करवाये जाने पर ब्याज-शास्ति में शत् - प्रतिशत छूट प्रदान की जाती है। छूट आदेश प्रसारित होने की दिनांक से लागू होगी। पूर्व में निर्णित प्रकरणों में प्रतिदाय (Refund) देय नहीं होगा।

**आयुक्त**
**नगर परिषद हिण्डौन सिटी**